# सामान्य विज्ञान

## (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान)




POWERED BY:

gradeup

*आगामी UPSC और PCS परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, नीचे सामान्य विज्ञान डाइजेस्ट उपलब्ध किया गया है जिसमें सभी आवश्यक विषय शामिल किये गए हैं। इस सामान्य विज्ञान पीडीएफ में सभी महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं जो आने वाली परीक्षाओं में आपके स्कोर को बढ़ाने में आपकी सहायता करेंगें ।*

# भाग-1 : भौतिकी

## कार्य

यदि किसी वस्तु पर आरोपित बल, उस वस्तु को बल की दिशा में कुछ दूरी खिसकाने में समर्थ होता है, तो वस्तु पर कार्य किया जाता है। इसका एसआई मात्रक जूल है।

## ऊर्जा

- ऊर्जा एक अदिश राशि है जिसका मात्रक जूल है।
- किसी विलगित माध्यम में सभी प्रकार की ऊर्जाओं का का योग प्रत्येक समय नियत रहता है। यही ऊर्जा संरक्षण का सिद्धांत है।

## शक्ति

इसकी इकाई वॉट है।

- 1 वॉट घण्टा = 3600 जूल
- 1 किलोवॉट घण्टा = 3.6 x 106 जूल
- 1 अश्वशक्ति = 746 वॉट

## गुरुत्वाकर्षण

- ब्रह्माण्ड में प्रत्येक पिण्ड प्रत्येक दूसरे पिण्ड को अपनी ओर किसी बल से आकर्षित करता है, इस बल को गुरुत्वाकर्षण बल कहते हैं।
- पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल गुरुत्व कहलाता है।
- किसी पिण्ड में गुरुत्वाकर्षण बल के कारण उत्पन्न त्वरण गुरुत्वीय त्वरण कहलाता है और इसका मान 9.8 मी/सेकण्ड$^2$ होता है।
- गुरुत्वाकर्षण बल का मान वस्तु के रूप, आकार और द्रव्यमान से स्वतंत्र है।
- पलायन चाल वह न्यूनतम चाल है जिससे कोई पिण्ड पृथ्वी की गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर निकल जाता है और वापस कभी लौटकर नहीं आता है। पृथ्वी सतह पर पलायन चाल का मान 11.2 किमी/से है।
- चंद्रमा की सतह पर पलायन चाल का मान 2.4 किमी/सेकण्ड है। निम्न पलायन चाल के कारण चंद्रमा पर कोई वायुमंडल नहीं है।
- पृथ्वी सतह से ऊपर और नीचे जाने पर g का मान घटता है।
- g का मान ध्रुवों पर सर्वाधिक होता है।
- g का मान विषुवत रेखा पर सबसे कम होता है।
- g का मान पृथ्वी के घूर्णन के कारण घटता है।
- g का मान पृथ्वी की कोणीय गति के बढ़ने के साथ घटता है, कोणीय गति के घटने के साथ बढ़ता है।
- चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण बल का मान पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल का 1/6 है। तो किसी व्यक्ति का भार चंद्रमा की सतह पर पृथ्वी पर उसके भार का 1/6 होगा।

## उपग्रह

- उपग्रह वे प्राकृतिक अथवा कृत्रिम पिण्ड हैं जो किसी ग्रह के परित: उसके गुरुत्वाकर्षण बल के अधीन चक्कर लगाते हैं।
- चंद्रमा पृथ्वी का एक प्राकृतिक उपग्रह है, जबकि इनसैट बी एक कृत्रिम उपग्रह है।
- पृथ्वी की सतह के समीप घूर्णन कर रहे उपग्रह का घूर्णन काल 1 घण्टा 24 मिनट (34 मिनट) है।
- भू-स्थानिक उपग्रह पृथ्वी की कक्षा के परित: लगभग 36000 किमी ऊँचाई पर चक्कर लगाते हैं।
- किसी भू-स्थानिक उपग्रह का परिचक्रण काल 24 घण्टा है।
- पृथ्वी अपनी धुरी पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूर्णन करती है। इस घूर्णन के कारण सूर्य और अन्य तारे पूर्व से पश्चिम गति करते हुए दिखाई देते हैं।
- एक भू-सामयिक उपग्रह भूसामयिक कक्षा में स्थित वह उपग्रह है जिसकी परिचक्रण समयाविधि पृथ्वी के घूर्णन काल के समान होती है।
- भू-सामयिक उपग्रह की एक विशेष भू-स्थैतिक उपग्रह है, जिसकी एक भू-स्थैतिक कक्षा होती है, जो पृथ्वी की विषुवत रेखा के ठीक ऊपर वृत्तीय भू-सामयिक कक्षा होती है।
- भू-स्थैतिक उपग्रहों का प्रयोग विश्व के एक भाग से दूसरे भाग में टीवी कार्यक्रमों का प्रसारण, मौसम की भविष्यवाणी जैसे बाढ़ और सूखे की संभावना व्यक्त करने में होता है।
- ध्रुवीय उपग्रह पृथ्वी की ध्रुवीय कक्षा के परित: लगभग 800 किमी की ऊँचाई पर चक्रण करते हैं। इन उपग्रहों का परिक्रमण काल 84 मिनट है।

## परमाणु एवं नाभिकीय भौतिकी

### कैथोड किरण

कैथोड किरणों की खोज सर विलियम क्रूक ने की थी, इसकी निम्न गुण हैं

- सीधी रेखा में गति करती है।
- प्रतिदीप्ति उत्पन्न करती है।
- धातु की पतली चादर को भेद सकती है और वैद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्र दोनों के द्वारा विचलित हो सकती है।
- इसकी चाल प्रकाश की चाल की 1/30 से 1/10 भाग होती है।

### धन या कैनाल किरणें

- इन किरणों की खोज गोल्डस्टीन ने की थी।
- धन किरणों में धनावेशित कण होते हैं।
- ये किरणें सरल रेखा में गति करती हैं।
- ये किरणें वैद्युत और चुम्बकीय क्षेत्र में विचलित हो जाती हैं।
- ये गैसों को आयनीकृत कर सकती हैं।

### X-किरणें

- X-किरणें वैद्युत चुम्बकीय किरणें होती हैं जिनकी तंरगदैर्ध्य 0.1Å से 100 Å के मध्य होती है।
- X-किरणों की खोज रॉंगटन ने की थी।
- X-किरणें सरल रेखा में गति करती हैं।
- X–किरणों से अधिक संपर्क मानव शरीर के लिये हानिकारक हो सकता है।
- X – किरणें प्रकाश-वैद्युत प्रभाव दर्शाती हैं।

### X- किरणों के उपयोग

- चिकित्सीय विज्ञान में - शल्य चिकित्सा में X-किरणों का प्रयोग टूटी हड्डी, खराब अंग, बाहरी सामान जैसे गोली, पत्थर आदि पता लगाने के लिये किया जाता है। इसका प्रयोग कैंसर और चर्म रोग के उपचार में होता है।
- इंजीनियरिंग में, X-किरणों का उपयोग धातु उत्पादों और भारी धातु की चद्दर में टूटन, दरार, कमजोरी और वायु की उपस्थिति पता लगाने के लिये होता है।
- वैज्ञानिक कार्यों में, X-किरणों का उपयोग क्रिस्टल संरचना और जटिल अणुओं के अध्ययन में होता है।
- कस्टम (सीमा शुल्क) विभाग में - X-किरणें छिपे प्रतिबंधित सामानों का पता लगाने के लिये प्रयोग की जाती है।

### रेडियोएक्टिविटी

- रेडियोएक्टिविटी की खोज हेनरी बेकुरल, मैडम क्यूरी और पियरे क्यूरी ने की थी जिसके लिये उन्हें संयुक्त रूप से नोबल पुरस्कार मिला था।

### नाभिकीय विखंडन

- परमाणु बम नाभिकीय विखंडन पर आधारित होता है। U235 और Pu239 का प्रयोग विखंडनीय पदार्थ के रूप में किया जाता है।
- नाभिकीय विखंडन का प्रथम प्रदर्शन हेलिन और फ्रिट्ज स्ट्रॉसमैन ने किया था।

### नाभिकीय सलंयन

- जब दो या अधिक हल्के नाभिक आपस में मिलकर एक भारी नाभिक बनाते हैं तो यह क्रिया नाभिकीय सलंयन कहलाती है।
- नाभिकीय सलंयन प्रकिया हेतु 108 K कोटि का तापमान होने की आवश्यकता है।
- हाइड्रोजन बम का निर्माण अमेरिकी वैज्ञानिक द्वारा 1952 में किया गया था। यह नाभिकीय सलंयन पर आधारित है और परमाणु बम की तुलना में 1000 गुना अधिक शक्तिशाली है।

### नाभिकीय रिएक्टर

- नाभिकीय रिएक्टर एक सयंत्र है जिसमें नियंत्रित नाभिकीय विखंडन की अभिक्रिया होती है।
- प्रथम नाभिकीय सयंत्र की स्थापना शिकागो में वैज्ञानिक एनरिको फर्मी की निगरानी में हुई थी।
- तीव्र गतिमान न्यूट्रानों को धीमा करने के लिये भारी जल, ग्रेफाइट और बेरिलीयम ऑक्साइड का प्रयोग होता है। इन्हें मंदक कहते हैं।

***नाभिकीय रिएक्टर का उपयोग***

(i) यह विंखडन के दौरान उत्पन्न ऊर्जा से वैद्युत ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है।

(ii) विभिन्न समभारिक (आइसोटोप) निर्माण में,

नाभिकीय रिएक्टर के कई भाग हैं, जो कि निम्न हैं

- विखंडनीय ईंधन $U^{235}$ या $U^{239}$ का प्रयोग होता है।
- मंदक न्यूट्रॉनों की ऊर्जा को कम कर देता है, जिससे उन्हें विखंडन अभिक्रिया के लिये बाद में प्रयोग किया जा सके।
- भारी जल और ग्रेफाइट का प्रयोग मंदक के रूप में होता है।
- यूरेनियम नाभिक के विखंडन से उत्पन्न अधिक न्यूट्रानों को अवशोषित करने के लिये बोरॉन और कैडमियम छड़ों का प्रयोग होता है, जिससे श्रृंखला अभिक्रिया को रोका जा सके।

### न्यूटन के गति के नियम

- **पहला नियम:** प्रत्येक वस्तु अपनी स्थिर अथवा सरल रेखा में एकसमान चाल से गति की प्रारंभिक अवस्था को बनाये रखती है जबतक कि उस पर कोई बाह्य बल आरोपित नहीं किया जाता है। इसे गैलिलियो अथवा जड़त्व का नियम भी कहते हैं।
  उदाहरण: धीमी गति से गतिमान किसी रेलगाड़ी/बस से कूदने पर व्यक्ति का गाड़ी की गति की दिशा में कुछ दूरी दौड़ना चाहिए।
- **दूसरा नियम:** किसी वस्तु पर आरोपित बल वस्तु के द्रव्यमान और उसमें उत्पन्न त्वरण के सीधे अनुपाती होता है।
- **तीसरा नियम:** प्रत्येक क्रिया की एक बराबर एवं विपरीत प्रतिक्रिया होती है।

***उदाहरण***

ट्रेन की बोगियों में ट्रेन की शंटिंग के दौरान लगने वाले तेज झटकों से बचने के लिये बफर्स होते हैं।

रॉकेट गैसों के विपरीत दिशा में निकलने के कारण ऊपर उठता है|

## वृत्तीय गति

- जब कोई पिण्ड किसी वृत्ताकार मार्ग पर चक्कर लगाता है, तो उसकी गति को वृत्तीय गति कहते हैं।
- पिण्ड के वृत्ताकार मार्ग पर गति करने के लिये वृत्त की त्रिज्या के अनुदिश आवश्यक बल को अभिकेन्द्रीय बल कहते हैं।
- अपकेन्द्रीय बल वह आभासी बल है जो परिमाण में अभिकेन्द्रीय बल के बराबर परंतु दिशा में विपरीत होता है।
- क्रीम हटाना, वांशिग मशीन में ड्रायर अभिकेन्द्रीय बल के सिद्धांत पर कार्य करता है।

## घर्षण

- जब एक वस्तु किसी दूसरी वस्तु की सतह पर फिसलती अथवा लुड़कती है या ऐसा करने वाली होती है तो सतह पर एक विपरीत बल उत्पन्न होता है, जिसे घर्षण बल कहते हैं।
- घर्षण के कारण हम पृथ्वी की सतह पर चल सकते हैं।
- वाहनों में ब्रेक लगाने पर वे केवल घर्षण के कारण रुकते हैं।

## पास्कल का दाब का नियम

- हाइड्रॉलिक लिफ्ट, हाइड्रॉलिक प्रेस और हाइड्रॉलिक ब्रेक पास्कल के दाब के नियम पर आधारित हैं।

## आर्कमिडीज़ का सिद्धांत

- जब किसी पिण्ड को किसी द्रव में पूर्ण या आंशिक रूप से डुबोया जाता है, तो पिण्ड के भार में आभासी कमी आती है और यह कमी पिण्ड द्वारा हटाये गये द्रव के भार के बराबर होती है।
- एक लोहे की गेंद द्वारा हटाये गये द्रव का भार गेंद के भार से कम होता है, जबकि किसी जहाज के पानी में डूबे भाग द्वारा हटाये गये जल का भार उसके भार के बराबर होता है। इस कारण से लोहे की छोटी गेंद द्रव में डूब जाती है जबकि पानी का बड़ा जहाज तैरता रहता है।
- एक मोटा आदमी एक पतले आदमी की तुलना में जल्दी तैरना सीखता है, क्योंकि वह पतले आदमी की तुलना में अधिक जल विस्थापित करता है।
- हाइड्रोजन से भरा गुब्बारा वायु में उड़ता है क्योंकि हाइड्रोजन वायु से हल्की है तथा आप जल में अधिक वजन उठा सकते हैं।

## तरंग

तरंग एक विक्षोभ (हलचल) है, जो पदार्थ के संचरण के बिना ऊर्जा का एक स्थान से दूसरे स्थान तक संचरण करती है।

तरंग मुख्यत: दो प्रकार की होती हैं:

- यांत्रिक तरंगें (अनुदैर्ध्य व अनुप्रस्थ तरंगें)
- वैद्युत चुम्बकीय तरंगें।
- वैद्युत चुम्बकीय तरंगें (गैर-यांत्रिक) तरंगे निम्न प्रकार हैं-
  a. गामा किरणें (सबसे अधिक आवृत्ति)
  b. X-किरणें
  c. यूवी किरणें
  d. दृश्य प्रकाश किरणें
  e. अवरक्त किरणें
  f. लघु रेडियो तरंगें
  g. दीर्घ रेडियो तरंगें (निम्नतम आवृत्ति)
  सभी आवृत्ति के घटते क्रम में हैं।

निम्न तरंगें वैद्युत चुम्बकीय नहीं हैं -

a. कैथोड किरणें
b. कैनाल किरणें
c. एल्फा किरणें
d. बीटा किरणें
e. ध्वनि किरणें
f. पराध्वनिक किरणें

## अनुदैर्ध्य तरंगें

- इस तरंग में माध्यम के कण तरंग संचरण की दिशा के अनुदिश कंपन करते हैं।
- स्प्रिंग अथवा वायु में ध्वनि तरंग का संचरण अनुदैर्ध्य तरंग का उदाहरण है।

## अनुप्रस्थ तरंग

- इस तरंग में माध्यम के कण तरंग संचरण की दिशा के लम्बवत कम्पन करते हैं।

- किसी तनी रस्सी में उत्पन्न कम्पन और जल में उत्पन्न लहरें अनुप्रस्थ तरंग के उदाहरण हैं।

### वैद्युत चुम्बकीय तरंग

- तरंगें जिनके संचरण के लिये किसी माध्यम की आवश्यकता नहीं होती है, वैद्युत चुम्बकीय तरंगें कहलाती हैं; और निर्वात में भी गमन कर सकती है।
- लघु रेडियो तरंगें, X-किरणें आदि वैद्युत चुम्बकीय तरंगों के उदाहरण हैं। निर्वात में ये तरंगें प्रकाश की चाल से चलती हैं।

### ध्वनि तरंगें

ध्वनि तरंगें यांत्रिक अनुदैर्ध्य तरंगें होती हैं। अपनी आवृत्ति सीमा के आधार पर ध्वनि तरंगों को निम्न श्रेणियों में बांटा जा सकता है -

- 20 Hz से 20000 Hz तक की ध्वनि तरंगों को श्रव्य तरंगें कहते हैं।
- 20 Hz से कम आवृत्ति की ध्वनि तरंगों को इन्फ्रासोनिक तरंगें कहते हैं।
- 20000 Hz से अधिक आवृत्ति की ध्वनि तरंगों को पराध्वनिक तरंगें कहते हैं।
- पराध्वनिक तरंग का प्रयोग समुद्र की गहराई मापने, कपड़ों और मशीनी भागों, कारखानों की चिमनी से बचे लैंप को साफ करने, और अल्ट्रासोनोग्राफी में।

### ध्वनि की चाल

- ध्वनि की चाल ठोस माध्यम में अधिकतम और गैस माध्यम में न्यूनतम होती है।
- ध्वनि तरंग के माध्यम से दूसरे माध्यम में जाने पर, तरंग की चाल और तरंग दैर्ध्य परिवर्तित हो जाती है, लेकिन तरंग की आवृत्ति समान रहती है। ध्वनि की चाल दाब बढ़ाने अथवा घटाने पर अपरिवर्तित रहती है।
- ध्वनि की चाल माध्यम का ताप बढ़ाने पर बढ़ जाती है।
- ध्वनि की चाल शुष्क वायु की तुलना में नम वायु में अधिक होती है क्योंकि नम वायु का घनत्व शुष्क वायु की तुलना में अधिक होता है।

अनुनाद: ध्वनि तरंगों के परावर्तन के कारण ध्वनि तरंग का पुन: सुनाई देना ही अनुनाद कहलाता है।

तीव्रता: किसी स्त्रोत के एक इकाई क्षेत्रफल से इकाई समय में संचरित ऊर्जा की मात्रा तरंग की तीव्रता कहलाती है।

पिच़: तरंग की आवृत्ति की अनुभूति को प्राय: तरंग की पिच के नाम से जाना जाता है।

सोनार (SONAR): इसका पूरा नाम साउंड नेविगेशन एंड रेन्जिंग से है। इसका प्रयोग समुद्र की गहराई मापने, दुश्मन की पनडुब्बी की स्थिति का पता लगाने और जहाज में दरार का पता लगाने में किया जाता है।

### डॉप्लर प्रभाव

यदि ध्वनि स्त्रोत और श्रोता के मध्य सापेक्ष गति होती है, तो श्रोता को एक आभासी आवृत्ति सुनाई देती है, जो स्त्रोत से उत्पन्न वास्तविक आवृत्ति से भिन्न होती है। यह प्रभाव ही डॉप्लर प्रभाव कहलाता है।

### प्रकाश

- प्रकाश ऊर्जा का एक रूप है, जो वैद्युत चुम्बकीय तरंग के रूप में संचरण करता है।
- विकिरण के कारण ही आप कुछ देखने में सक्षम हो पाते हैं। इसकी चाल 3 x 108 मी/से है। यह ऊर्जा का एक रूप है। यह अनुप्रस्थ तरंग है।
- सूर्य से पृथ्वी तक प्रकाश पहुँचने में 8 मिनट 19 सेकण्ड का समय लगता है तथा चन्द्रमा से परावर्तित प्रकाश के धरती तक पहुँचने में 1.28 सेकण्ड का समय लगता है।

### प्रकाश का परावर्तन

- जब प्रकाश की कोई किरण दो अलग माध्यमों को पृथक करने वाली सीमा पर आपतित होती है, तो वह उसी माध्यम में वापस लौट जाती है, इसे प्रकाश का परावर्तन कहते हैं।

### समतल दर्पण से परावर्तन

- यदि कोई वस्तु समतल दर्पण की ओर v चाल से गति कर रही है, तो दर्पण के सापेक्ष इसकी गति 2v होगी।
- समतल दर्पण में अपनी पूरी छाया देखने के लिये व्यक्ति को अपनी लंबाई के आधे दर्पण की आवश्यकता होगी।

### गोलीय दर्पण

गोलीय दर्पण दो प्रकार के होते हैं:

1. अवतल दर्पण
2. उत्तल दर्पण

- उत्तल दर्पण द्वारा बना प्रतिबिंब सदैव आभासी, सीधा और छोटा होता है।
- अवतल द्वारा बना प्रतिबिंब प्राय: वास्तविक और उल्टा होता है।

### अवतल दर्पण के प्रयोग

(i) शेविंग दर्पण के रूप में

(ii) गाड़ियों की हेडलाइटों में, सर्च लाइट में

(iii) डॉक्टरों द्वारा ऑफ्थैलमोस्कोप में आंख, नाक, कान की जांच में।

(iv) सौर्य कुकर में

### उत्तल दर्पण के प्रयोग

(i) गाड़ियों में पीछे देखने वाले दर्पण के रूप में क्योंकि इसमें पीछे का काफी क्षेत्र आ जाता है, और वस्तु का बना प्रतिबिंब सीधा होता है।

(ii) सोडियम रिफ्लैक्टर लैंप में।

### प्रकाश का अपवर्तन

- प्रकाश की किरण के एक माध्यम से दूसरे माध्यम में प्रवेश करने के दौरान उसका अपने मार्ग से थोड़ा झुक जाना अपवर्तन कहलाता है। जब प्रकाश की किरण एक माध्यम से दूसरे माध्यम में प्रवेश करती है, तो उसकी आवृत्ति और कला अपरिवर्तित रहती है, लेकिन उसकी तरंगदैर्ध्य और गति परिवर्तित हो जाती है। पृथ्वी के वायुमंडल के अपवर्तन के कारण तारे टिमटिमाटे नजर आते हैं।

### क्रान्तिक कोण

- सघन माध्यम में आपतित कोण का वह मान जिसके लिये विरल माध्यम में अपवर्तित कोण 90° हो जाये, क्रान्तिक कोण कहलाता है।

### पूर्ण आंतरिक परावर्तन

- हीरे का चमकना, मिराज़ और लूमिंग, पानी के बुलबुलों का चमकना और प्रकाश तंतु पूर्ण आंतिरक परावर्तन के कुछ उदाहरण हैं।

### लेंस की क्षमता

- किसी लेंस की क्षमता उसकी किसी किरण को विचलित करने की क्षमता है। इसकी माप फोकस दूरी के व्युत्क्रम में की जाती है।
- लेंस की क्षमता का एसआई मात्रक डायोप्टर है।

### प्रकाश

**प्राथमिक रंग -** नीला, लाल और हरा

**द्वितीय रंग -** दो प्राथमिक रंगों को मिलकार बनाये गये रंग

**पूरक रंग -** कोई भी दो रंग जो मिलाने पर सफेद रंग बनाते हैं।

- आकाश का नीला रंग प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण है।
- उगते और डूबते सूर्य का बेहतरीन लाल रंग प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण है।

**मानव नेत्र**

- स्पष्ट दृष्टि की न्यूनतम दूरी 25 CM
- म्योपिया अथवा निकट दृष्टिदोष - दूर की वस्तुएं साफ नजर नहीं आती हैं।
- हाइपरोपिया या हाइपरमेट्रोपिया या दूर दृष्टिदोष - निकट की वस्तुएं साफ नजर नहीं आती हैं।
- प्रीस्ब्योपिया-बुजुर्गों में, निकट और दूर दोनों की ही वस्तुएं स्पष्ट नजर नहीं आती हैं।

### विद्युत एवं चुम्बकत्व

**आवेश:** आवेश किसी वस्तु में सम्बद्ध उसका मूलभूत गुण होता है जिसके कारण वह वैद्युत एवं चुम्बकीय प्रभावों का अनुभव करती है। समान प्रकृति के आवेश एक दूसरे को प्रतिकर्षित करते हैं और विपरीत प्रकृति के आवेश एक दूसरे को आकर्षित करते हैं। आवेश का एसआई मात्रक कूलाम है।

**चालक:** चालक वे पदार्थ है जो स्वयं से विद्युत प्रवाहित होने देते हैं। धातुएं जैसे चांदी, लोहा, तांबा और पृथ्वी चालक की भांति कार्य करते हैं। चांदी सर्वोत्तम चालक है।

**कुचालक:** कुचालक वे पदार्थ हैं जो स्वयं से विद्युत का प्रवाह नहीं होने देते हैं। अधातुएं जैसे लकड़ी, कागज, शीशा, एबोनाइट कुचालक हैं।

### विद्युत धारा

- इसका एसआई मात्रक एम्पीयर है। यह एक अदिश राशि है।
- एक विद्युत बल्ब टूटने पर आवाज करता है क्योंकि विद्युत बल्ब के अंदर निर्वात होता है, जब बल्ब फटता है, तो निर्वात को भरने के लिये सभी तरफ से हवा तेजी से प्रवेश करती है। हवा के तेजी से भरने के कारण एक शोर उत्पन्न होता है, जिसे प्राय: बैंग कहते हैं।
- शंट एक बहुत निम्न प्रतिरोधता का तार होता है।
- एक गैलवेनोमीटर में इसके समांतर शंट लगाकर इसे अमीटर में बदला जा सकता है।
- एक गैलवेनोमीटर में बहुत उच्च प्रतिरोकधता का तार इसके श्रेणीक्रम में लगाकर इसे वोल्टमीटर में बदला जा सकता है।
- सोडियम और मर्करी स्ट्रीट लैंप परमाणु विखंडन के कारण चमकते हैं।
- फ्लोरोसेंट में चोक तार का प्रयोग ट्यूब में गैस को आयनीकृत करने हेतु उच्च वोल्टेज पैदा करने के लिये होता है जिससे फिलामेंट से उच्च धारा का प्रवाह हो सके।

### चुम्बकत्व

- **प्रतिचुम्बकीय पदार्थ -** चुम्बकीय क्षेत्र में रखे जाने पर चुम्बकीय क्षेत्र की विपरीत दिशा में साधारण चुम्बकत्व धारण करते हैं।

  उदाहरण - सोना, हीरा, तांबा, जल, पारा आदि।

- **अनुचुम्बकीय पदार्थ -** चुम्बकीय क्षेत्र में रखे जाने पर चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा में साधारण चुम्बकत्व धारण करते हैं।
  उदाहरण - Al, Na, Mn आदि।
- **लौहचुम्बकीय पदार्थ -** चुम्बकीय क्षेत्र में रखे जाने पर चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा में तीव्र चुम्बकत्व धारण करते हैं।
  उदाहरण - लोहा, कोबाल्ट, निकिल आदि।
- **क्यूरी तापमान -** क्यूरी तापमान या क्यूरी बिंदु वह तापमान है जिस पर कोई पदार्थ अपना स्थायी चुम्बकीय गुणों को खो देता है और उसमें प्रेरक चुम्बकत्व उत्पन्न हो जाता है।
- **समशून्य दिक्पाती रेखायें -** पृथ्वी तल पर वो रेखायें है जिनका झुकाव सदैव नियत रहता है, वे रेखायें जिनका झुकाव शून्य होता है, एगोनिक लाइन होती है।
- **समनति रेखायें -** पृथ्वी तल पर उन बिंदुओं को मिलाने वाली वे काल्पनिक रेखायें हैं जहाँ पृथ्वी के चुम्बकीय क्षेत्र का चुम्बकीय कोण समान होता है।
- **अक्लीनिक रेखा** चुम्बकीय विषुवत है जहाँ चुम्बकीय क्षेत्र उत्तर या दक्षिण की ओर नहीं झुका है। अत: यह समनति रेखा की विशेष स्थिति है।
- **आइसोडायनेमिक लाइन -** यह मानचित्र पर पृथ्वी के समान चुम्बकीय क्षेत्र तीव्रता वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखा होती है।

## पृष्ठ तनाव और कैपलरी

स्नेहक तेल अपने निम्न पृष्ठ तनाव के कारण सभी भागों पर आसानी से फैल जाता है।

- कपड़े धोने के दौरान डिटर्जेंट के मिलाने पर धूल के कण आसानी से अलग हो जाते हैं क्योंकि जल के पृष्ठ तनाव में कमी हो जाती है।
- सोख्ता कागज द्वारा इंक का अवशोषण कैपलरी क्रिया के कारण होता है।
- किसी ऊँचें पेड़ की पत्तियों-शाखाओं में जल की आपूर्ति कैपलरी क्रिया के कारण होती है।

## ऊष्मा

- ऊष्मा की इकाई
  सी.जी.एस.- कैलोरी
  एफ.पी.एस.- ब्रिटिश थर्मल यूनिट(बी.टी.यू)
- परम शून्य ताप- ऋणात्मक 273 K (-273 K)
- 1 कैलोरी = 4.2 J
- विशिष्ट ऊष्मा ऊष्मा की वह मात्रा है जो इकाई द्रव्यमान वाली किसी वस्तु का तापमान इकाई डिग्री सेल्सियस बढ़ाने के लिये आवश्यक है।
- मानें कि 1 किग्रा जल 0°C पर है। जब इसे 0°C से गर्म किया जाता है, तो यह 4°C तक फैलने के बजाय सिकुड़ती है, 4°C के बाद यह फैलना शुरु करती है। जल का 0°C से 4°C तक यह व्यवहार जल का असामान्य प्रसार कहा जाता है।
- न्यूटन का शीतलन नियम कहता है कि किसी वस्तु की तापमान परिवर्तन की दर उस वस्तु के तापमान और उसके आस-पास (वातावरण) के तापमान के अंतर के समानुपाती होता है।
- तुषार उर्ध्वपातन की विपरीत प्रक्रिया है।

## मापन इकाई

- **एंगस्ट्रॉम :** प्रकाश तंरगों की लंबाई मापने में
- **बैरल :** द्रव मापने में। एक बैरल 31½ गैलन या 7,326.5 घन इंच के बराबर होता है।
- **केबल :** केबल की लंबाई मापने में। यह लंबाई में 183 मीटर के बराबर होती है।
- **कैरट :** कीमती आभूषणों को मापने के लिये। यह मिश्रित सोने की शुद्धता मापने का मात्रक भी है।
- **फैदम :** यह जल की गहराई मापने के लिये है। 1 फैदम 4 इंच के बराबर होता है।
- **नॉट :** जहाज की रफ्तार मापने के लिये।

## कुछ परिवर्तक मान

**द्रव्यमान और घनत्व**

- 1 किग्रा = 1000 ग्राम = 6.02 यू
- 1 स्लग = 14.6 किग्रा
- 1 यू = 1.66 किग्रा

**लंबाई और आयतन**

- 1 मीटर = 100 सेण्टीमीटर = 39.4 इंच = 3.28 फीट
- 1 मील = 1.61 किमी = 5280 फीट
- 1 इंच = 2.54 सेण्टीमीटर
- 1 नैनोमीटर = $10^{-9}$ मीटर = 10 Å
- 1 पिकोमीटर = मीटर = 1000 एफएम
- 1 प्रकाश वर्ष = 9.46 मी
- 1 = 1000 L = 35.3 = 264 gal

**कोणीय माप**

- 1 मी/से = 3.28 फीट/ से = 2.24 मील / घण्टा
- 1 किमी / घण्टा = 0.621 मील / घण्टा = 0.278 मीटर/सेकण्ड

**बल और दाब**

- 1 लिब्रा = 4.45 न्यूटन
- 1 टन = 2000 (lb)
- 1 पास्कल = 1 न्यूटन/ = 10 डाइन/ = 1.45 लिब्रा/
- 1 वायुमंडलीय दाब = 1.01 105 पास्कल= 14.7 लिब्रा / = 76 सेमी - Hg

## कुछ महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपकरण

- **एक्यूम्युलेटर :** विद्युत ऊर्जा संग्रहित करने में।
- **अल्टीमीटर :** हवाईजहाज में ऊँचाई मापने में।
- **अमीटर :** विद्युत धारा को एम्पीयर में मापने में प्रयोग होता है।
- **एनिमोमीटर :** हवा की शक्ति मापने के लिये प्रयोग होता है।
- **ऑडियोमीटर :** हवा की तीव्रता मापने के लिये होता है।
- **ऑडियोफोन :** यह श्रवण शक्ति को बेहतर बनाने के लिये प्रयोग होता है।
- **बैरोमीटर :** वायुमंडलीय दाब मापने में।
- **बाइनोक्लीयर :** एक प्रकाशिक उपकरण जिसे दूर स्थित वस्तु को दोनों आखों से देखने के लिये वस्तु को आवर्धित किया जाता है।
- **बोलोमीटर :** ऊष्मीय विकिरण की माप में
- **कार्डियोग्राम :** हर्दय गति रिकार्ड करने में।
- **कैलोरीमीटर :** ऊष्मा की मात्रा मापने में।
- **क्रोनोमीटर :** एक घड़ी जो बहुत सटीक समय बताती है और जिसका प्रयोग समुद्र में देशांतर निर्धारित करने के लिये किया जाता है।
- **कोलोरीमीटर :** रंगों की तीव्रता मापने के लिये उपकरण
- **कम्यूटेटर :** एक उपकरण जिसका प्रयोग विद्युत धारा के मान और उसकी दिशा को बदलने में होता है, डायनेमों में यह प्रत्यावर्ती धारा को दिष्ट धारा में परिवर्तित करने के लिये किया जाता है।
- **साइक्लोट्रॉन :** परमाणुओं को टकराकर परमाणु के गुणों का अध्ययन करने में प्रयोग होता है।
- **डायनेमो :** एक डिवाइस जो यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करती है।
- **डायनेमोमीटर :** एक उपकरण जो विद्युत शक्ति मापता है।
- **इलेक्ट्रोस्कोप :** एक उपकरण जो विद्युत आवेश की उपस्थिति की जांच करता है।
- **एंडोस्कोप :** शरीर के आंतरिक अंगों की जांच के लिये।
- **फैदोमीटर :** समुद्र की गहराई मापने में।
- **गैल्वेनोमीटर :** विद्युत धारा का पता करने और मापने में।
- **आद्रतामापी (हिग्रोमीटर) :** आद्रता स्तर की माप में।
- **फोनोग्राफ :** ध्वनि पैदा करने में।
- **तापमापी :** अित उच्च तापमान मापने में।
- **क्वाड्ज घड़ी :** खगोलीय प्रेक्षणों और अन्य सटीक कार्यों में प्रयोग की जाने वाली उच्च सटीकता वाली घड़ी।
- **रडार :** रेडियो, एंगल डिटेक्शन और रेंज का प्रयोग रेडियो सूक्ष्म तरंगों के माध्यम से समीप आते हवाई जहाज को की दिशा और परास ज्ञात करने के लिये किया जाता है।
- **रेडियोमीटर :** विकरित ऊर्जा के उत्सर्जन मापने के लिये उपकरण।

- **रेडियो माइक्रोमीटर** : ऊष्मीय विकिरण मापने के लिये उपकरण
- **रेन गॉज**: वर्षण मापने के लिये उपकरण।
- **रेक्टिफायर** : प्रत्यावर्ती धारा को दिष्टधारा में परिवर्तित करने के लिये।
- **अपवर्तकमापी**: एक उपकरण जिसका प्रयोग किसी पदार्थ का अपवर्तक गुणांक ज्ञात करने में होता है।
- **प्रतिरोध तापमापी** : चालक का वैद्युत प्रतिरोध ज्ञात करने में होता है।
- **सैलिनोमीटर**: एक प्रकार का हाइड्रोमीटर जिसका प्रयोग
- **सिस्मोमीटर (सीसमोग्राफ)** : एक उपकरण जो भूकंप के झटकों को मापने और उसे रिकार्ड करने के लिये प्रयोग किया जाता है।
- **सेक्टैंट** : जहाजों को दिशा दिखानें और भूमि का सर्वेक्षण करने में।
- **स्पेक्ट्रोस्कोप**: एक उपकरण जिसका प्रयोग स्पेक्ट्रम का विश्लेषण करने के लिये किया जाता है।
- **स्पीडोमीटर** : यह वाहन की गित मापता है जिसपर वाहन गति करता है।
- **स्फीरोमीटर** : सतह की वक्रता मापने में प्रयोग किया जाता है।
- **स्फिगनोमैनोमीटर** : एक उपकरण जिसका प्रयोग मानव शरीर में रक्त दाब को मापने में किया जाता है। इसको बीपी उपकरण भी कहा जाता है।
- **स्फिगमोफोन**: उपकरण जिसकी मदद से, धड़कन आवाज करती है।
- **स्प्रिंग बैलेंस**: भार मापने में उपयोगी है।
- **स्टीरियोस्कोप**: इसका प्रयोग द्विमीय आकृति देखने में किया जाता है।
- **स्टेथोस्कोप**: एक उपकरण जिसका प्रयोग डॉक्टरों द्वारा हर्दय और फेफड़ें की ध्वनि को सुनने और विश्लेषण करने के लिये किया जाता है।
- **स्ट्रोबोस्कोप**: इसका प्रयोग तेजी से घूमने वाली वस्तुओं को देखने के लिये किया जाता है।
- **टैकोमीटर** : एक उपकरण जिसका प्रयोग हवाई जहाज और मोटर बोट की गति नापने में होता है।
- **टेलीप्रिंटर** : यह उपकरण टाइप संदेशों को एक स्थान से दूसरे स्थान भेजने और प्राप्त करने का कार्य करता है।
- **टेलीस्कोप** : इसका प्रयोग आकाश में सुदूर खगोलीय पिण्डों को देखने के लिये किया जाता है।
- **थीडोलाइट** : यह क्षैतिज और उर्ध्वाधर कोण मापता है।
- **ट्रांसजिस्टर** : एक छोटी डिवाइस जिसका प्रयोग धारा को बढ़ाने में किया जाता है तथा अन्य वे कार्य जो प्राय: थर्मियोनिक वॉल्व द्वारा किया जाता हैं।
- **वर्नीयर**: एक समायोजित पैमाना जिसका प्रयोग पैमाने पर उपभागों को मापने में होता है।
- **विस्कोमीटर** : श्यानता मापने में
- **वोल्टमीटर** : दो बिंदुओं के मध्य विभवांतर मापने में
- **यूडोमीटर**: वर्षा मापने में

## पीसीएस और एसएससी परीक्षाओं में पूछे गये कुछ प्रश्न

1. ज्योति तीव्रता का एसआई मात्रक ______________ है?

A. ल्युमेन B. लक्स C. कैंडला D. वॉट

उत्तर: C

ज्योति तीव्रता किसी प्रकाश स्त्रोत से किसी विशेष दिशा में इकाई ठोस कोण से निकली ऊर्जा की तरंगदैर्ध्य की माप है। यह ल्यूमनस फसल पर आधारित होती है, मानव नेत्र की संवेदना की मानक प्रतिरूप है। ज्योति तीव्रता का एसआई मात्रक कैंडला है।

2. यदि किसी हवाई जहाज से छोड़ा गया बम बीच हवा में फट जाता है, तो ________________________.

A. इसकी गतिज ऊर्जा बढ़ जाती है

B. इसकी कुल ऊर्जा बढ़ जाती है।

C. इसकी कुल ऊर्जा घट जाती है।

D. इसका कुल संवेग घट जाता है।

उत्तर: A

किसी वस्तु की गतिज ऊर्जा उसमें वस्तु की गति के कारण होती है। यह किसी पिण्ड को विश्राम की अवस्था से गति की अवस्था में लाने के लिये उसे त्वरित करने हेतु उस पर किये गये आवश्यक कार्य की माप है। अपने त्वरण के दौरान यह ऊर्जा प्राप्त कर लेने के बाद वस्तु इसे तब तक बनाये रखती है जब तक कि वस्तु का गति परिवर्तित नहीं हो।

3. क्रीम सेपरेटर में दूध से वसा किस कारण से अलग होती है?

A. संसजक बल
B. गुरुत्वाकर्षण बल
C. अभिकेन्द्रीय बल
D. अपकेन्द्रीय बल

उत्तर: D

अपकेन्द्रीय विलगन का अविष्कार 1897 में हुआ था। शताब्दी बदलने के साथ ही इसने पहली बार दुग्ध उद्योग को केन्द्रीयकृत दुग्ध प्रसंस्करण में संभव बनाया। यह क्रीम को को अलग करने और ताजे क्रीम निकले दूध प्राप्त करना संभव हुआ।

4. बर्फ का द्रव्णांक ______________.

A. दाब बढ़ने पर बढ़ता है

B. दाब बढ़ने पर घटता है

C. दाब पर निर्भर नहीं करता है

D. इनमें से कोई नहीं

उत्तर: B

एक वायुमंडलीय दाब पर बर्फ का द्रवणांक लगभग 0°C (32°F, 273.15K) होता है, यह बर्फ बिंदु के नाम से भी जाना जाता है।

5. रेडियोएक्टिविटा की खोज की थी ___________?

A. जे. जे. थॉमसन
B. डब्ल्यू रांगटन
C. हेनरी बेकुरल
D. मैडम क्यूरी

उत्तर: C

एंटोनी हेनरी बेकुरल को रेडियोएक्टिविटा की खोज के लिये जाना जाता है, जिसके लिये उन्हें 1903 में नोबल पुरस्कार से सम्मनित किया गया था।

अस्थिर परमाणु नाभिक अधिक स्थायी नाभिक के निर्माण के लिये तुरंत विघटित हो जाता है। यह विघटन प्रक्रिया ही रेडियोएक्टिविटी कहलाती है।

6. यदि कमरे के भीतर का तापमान बढ़ाया जाता है, तो सापेक्षिक आद्रता _____________ -

A. बढ़ेगी
B. घटेगी
C. अपरिवर्तित रहेगी
D. इनमें से कोई नहीं

उत्तर: B

इसका कारण यह है कि घर का तापमान बाहर के तापमान से काफी अलग हो सकता है। यह तापमान और वायु में अधिकतम संभावित नमी के मध्य महत्वपूर्ण सम्बन्ध के कारण है।

7. ट्रांसजिस्टर में, बेस है -

A. एक अचालक

B. निम्न प्रतिरोधकता वाला चालक

C. उच्च प्रतिरोधकता वाला चालक

D. एक बाहरी अर्द्धचालक

उत्तर: D

ट्रांजिस्टर एक अर्द्धचालक युक्ति है जिसका प्रयोग इलेक्ट्रिक सिब्नल सिग्नल और इलेक्ट्रिक पावर को स्विच और बढ़ाने के लिये होता है। यह अर्द्धचालक पदार्थ से बना होता है जिसमें बाहरी परिपथ से जुड़ने के लिये न्यूनतम तीन टर्मिनल होते हैं।

8. रेगिस्तान में रातें मैदानों की तुलना में अधिक ठंडी होती हैं _______________.

A. रेत पृथ्वी की तुलना में ऊष्मा की विकिरण अधिक जल्दी से करती है।

B. आसमान ज्यादातर समय साफ रहता है

C. रेत मैदान की तुलना में ऊष्मा की शीघ्रता से अवशोषण करती है

D. उपरोक्त कारणों में से एक भी नहीं

उत्तर: A

क्योंकि रेगिसतान की वायु में नमी कम होती है और रेगिस्तान में बादल नहीं बन पाते हैं, इसलिये रेगिस्तान में दिन और रात के तापांतर अन्य स्थानों के 20–30 डिग्री की तुलना में 30-40 डिग्री का अंतर पाया जाता है। इसका अर्थ है दिन के 110 डिग्री तापमान होने पर रात में तापमान 70 से 80 डिग्री हो सकता है।

9. जब हम कोई ध्वनि सुनते हैं, तो हम इसका स्त्रोत ज्ञात कर सकते हैं ______________.

A. ध्वनि की तरंगदैर्ध्य
B. ध्वनि में मौजूद ओवरटोन
C. ध्वनि की तीव्रता
D. ध्वनि के आयाम

उत्तर: B

ओवरटोन वह आवृत्ति है जो मूल आवृत्ति से अधिक होती है। फोरियर विश्लेषण मॉडल के प्रयोग से, मूल और ओवरटोन को संयुक्त रूप से पार्शियल कहा जाता है। होर्मोनिक या अधिक सटीक हार्मोनिक पार्शियल वे आवृत्तियाँ हैं जो मूल आवृत्ति की गुणक होती है।

10. एक लड़का समतल दर्पण के सामने उससे 3 मीटर की दूरी पर खड़ा है। लड़के और प्रतिबिंब के मध्य की दूरी क्या है?

A. 3 मी
B. 6 मी
C. 4.5 मी
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर: B

समतल दर्पण द्वारा निर्मित आकृति सदैव आभासी, सीधी और वस्तु के समान समान आकार और लंबाई की होती है। आभासी प्रतिबिंब वस्तु की छाया होती है जो प्रकाश स्त्रोत और दर्पण के मध्य दूरी के समान दूरी पर निर्मित होती है।

11. सूर्य से निरंतर ऊर्जा प्राप्त होने का कारण है ___________.

A. नाभिकीय सलयंन
B. नाभिकीय विखंडन
C. रेडियोएक्टिविटी
D. कृत्रिम रेडियोएक्टिविटी

उत्तर: A

नाभिकीय सलंयन वह नाभिकीय अभिक्रिया है जिसमें दो या अधिक परमाणु नाभिक अति उच्च गति एक दूसरे के काफी निकट आकर टकराते हैं और एक नये प्रकार के परमाणु नाभिक का निर्माण करते हैं। इस प्रक्रिया में पदार्थ संरक्षित नहीं रहता है क्योंकि संलयित नाभिक के पदार्थ का कुछ भाग फोटॉन में बदल जाता है।

12. हाइड्रोजन बम किस सिद्धांत पर आधारित है____________.

A. नाभिकीय विखंडन
B. नाभिकीय सलंयन
C. नियंत्रित नाभिकीय अभिक्रिया
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर: B

हाइड्रोजन बम ऊर्जा मुक्त करने के लिये पूर्णत: परमाणु सलंयन (दो परमाणुओं का जुड़ना) पर निर्भर है। नाभिकीय सलंयन वह नाभिकीय अभिक्रिया है जिसमें दो या अधिक परमाणु नाभिक अति उच्च गति एक दूसरे के काफी निकट आकर टकराते हैं और एक नये प्रकार के परमाणु नाभिक का निर्माण करते हैं। इस प्रक्रिया में पदार्थ संरक्षित नहीं रहता है क्योंकि संलयित नाभिक के पदार्थ का कुछ भाग फोटॉन में बदल जाता है।

13. पृथ्वी के चुम्बक का दक्षिणी ध्रुव भौगोलिक______ के समीप है।

A. दक्षिण
B. पूर्व
C. पश्चिम
D. उत्तर

उत्तर: D

पृथ्वी के चुबंक का दक्षिणी ध्रुव पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव पर है क्योंकि यह किसी स्वतंत्र रूप से लटके किसी चुम्बक के उत्तरी ध्रुव को आकर्षित करता है और इसकी प्रकार विपरीत ध्रुव भी। अत: पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव में एक चुम्बकीय दक्षिणी ध्रुव है और भोगोलिक दक्षिण में चुम्बकीय उत्तरी ध्रुव है।

14. मूल एसआई मात्रकों की संख्या है ____________.

A. 4
B. 7
C. 6
D. 5

उत्तर: B

मात्रकों की अंतर्राष्ट्रीय पद्धति (एसआई) मापन की एक आधुनिक पद्धति है और अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य और व्यापार का एक प्रमुख पद्धति है। इसकी सात मूल इकाई हैं।

15. हरे प्लास्टिक कवर में तार होता है ___________.

A. लाइन तार
B. उदासीन तार
C. अर्थ तार
D. इनमें से कोई नहीं

उत्तर: C

अर्थ तार घरेलू विद्युत तंत्र का एक प्रमुख भाग है और इसे विद्युत झटकों से बचाने के लिये तैयार किया गया है।

16. वाशिंग मशीन का कार्य सिद्धांत है_______________.

A. अपकेन्द्रीय बल
B. अपोहन
C. विपरीत परासरण
D. विसरण

उत्तर: A

वाशिंग मशीन अपकेन्द्रीय बल के सिद्धांत पर कार्य करती है।

17. ध्वनि और प्रकाश तरंगें दोनों _______________.

A. समान तरंगदैर्ध्य के होते हैं
B. परावर्तन के नियम का पालन करते हैं
C. अनुदैर्ध्य तरंग के रूप में चलते हैं
D. निर्वात में चल सकते हैं

उत्तर: B

प्रकाश तंरगों के परावर्तन के दो नियम ध्वनि तरंगों पर भी लागू होते हैं। आपतित तरंग, परावर्तित पृष्ठ पर लंब और आपतन बिंदु पर परावर्तित तरंग सभी एक समतल में स्थित होते हैं। आपतन कोण का मान परावर्तन कोण ∠r के मान के बराबर होता है।

18. विद्युत मोटर में उर्जा का रूपांतरण होता है -

A. विद्युत से रसायनिक
B. रसायन से प्रकाश
C. यांत्रिक से विद्युत
D. विद्युत से यांत्रिक

उत्तर: D

विद्युत मोटर एक विद्युत मशीन है जो विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक उर्जा में परिवर्तित करती है। इलेक्ट्रिक जनरेटर द्वारा इसकी विपरीत क्रिया दोहराई जाती है वहाँ यांत्रिक ऊर्जा का उत्पादन विद्युत ऊर्जा में किया जाता है।

19. समतल दर्पण की फोकस दूरी होती है _______________.

A. धनात्मक B. ऋणात्मक

C. शून्य D. अनंत

उत्तर: D

समतल दर्पण वह दर्पण है जिसका परावर्तक पृष्ठ समतल होता है। समतल दर्पण की फोकस दूरी अनंत होती है। इसकी प्रकाशिक क्षमता शून्य होती है।

20. डायनेमो परिवर्तित करता है _______________.

A. यांत्रिक ऊर्जा को ध्वनि ऊर्जा में

B. यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में

C. विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर: B

डायनेमो को दो टायर के बीच में जोड़ने पर यह यांत्रिक ऊर्जा (जो घूमने के कारण उत्पन्न होती है) को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है, और डायनेमो के बाहर तारों से बल्ब जोड़कर दो

21. ओवेन में निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है?

A. X-किरण B. UV-किरण

C. सूक्ष्मतरंगें D. रेडियो तरंगें

उत्तर: C

ओवन एक ऊष्मीय रोधित कोष्ठ होता है जिसका प्रयोग किसी पदार्थ को पकाने या सुखाने और खाना बनाने में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाता है।

22. डेसिबिल इकाई है ________.

A. प्रकाश की चाल B. ध्वनि की तीव्रता

C. उष्मीय तीव्रता D. इनमें से कोई नहीं

उत्तर: B

डेसिबल (dB) इकाई का प्रयोग दो इलेक्ट्रिक या ध्वनि स्त्रोंतों की शक्ति की ध्वनि की सापेक्ष प्रबलता मापने के लिये दनके मध्य अनुपात प्रकट करने के लिये प्रयोग करने में होता है।

23. वायुमंडल में ओजोन परत ............ ऊँचाई पर पायी जाती है ।

A. 25 किमी B. 50 किमी

C. 100 किमी D. 200 किमी

उत्तर: B

ओजोन परत पृथ्वी के वायुमंडल के दो भागों में पायी जाती है। अधिकांश ओजोन (लगभग 90%) पृथ्वी की सतह से 10 से 17 किमी तक की परत में पायी जाती है और 50 किमी तक पायी जाती है।

24. कैमरा पीछे फिल्म पर प्रतिबिंब बनाने के लिये ................. का प्रयोग करता है।

A. उत्तल लेंस

B. अवतल लेंस

C. विचलन लेंस

D. इनमें से कोई नहीं

उत्तर: A

एक कैमरे में मुख्यत: तीन महत्वपूर्ण भाग होते हैं:

• बॉडी जो कि हल्की बंधी होती है और उसमें सभी यांत्रिक भाग होते हैं।

• लेंस जो कि उत्तल होता है।

• फिल्म या डिजिटल कैमरे की स्थिति में चार्ज्ड कपल डिवाइस।

25. न्यूटन का प्रयोग ............... मापने में होता है।

A. चाल B. आयतन

C. बल D. क्षेत्रफल

उत्तर: C

न्यूटन (N) बल के लिये ज्ञात एक अंतर्राष्ट्रीय पद्धति इकाई (एसआई) है। यह नाम सर इसाक न्यूटन के क्लासिकल मैकेनिक्स में उनके कार्य को देखकर, विशेष रूप से न्यूटन के गति के दूसरे नियम के लिये दिया गया है।

26. X- किरणें..................... तरंगे हैं।

A. अनुदैर्ध्य B. अनुप्रस्थ

C. वैद्युतचुम्बकीय D. प्रत्यास्थ

उत्तर: C

X-किरणें रेडियो तरंगों के समान वैद्युत-चुम्बकीय तरंगें हैं।

27. चमगादड़ों द्वारा अपना मार्ग खोजने या आहार ढूढ़ने के लिये प्रयोग की जाने वाली तकनीक है

A. सोनार B. रडार

C. इको (प्रतिध्वनि) D. फड़फड़ाना

उत्तर: C

चमगादड़ अंधेरे में अपना मार्ग खोजने और शिकार ढूढ़ने के लिये प्रतिध्वनि का प्रयोग करते हैं। प्रतिध्वनि के लिये, चमगादड़ अपने मुख या नाक से ध्वनि निकालते हैं। जब ध्वनि किसी वस्तु से टकराती है तो वह प्रतिध्वनि करती है।

28. रेडियन प्रति सेकण्ड ____________________ इकाई है।

A. संवेग B. जड़त्व आघूर्ण

C. आवृत्ति D. कोणीय वेग

उत्तर: D

कोणीय वेग का एसआई मात्रक रेडियन प्रति सेकण्ड है।

29. किस नियम के अनुसार, "किसी पिण्ड द्वारा ऊष्मा हानि की दर वस्तु और उसके आस-पास के तापांतर के समानुपाती होती है"?

A. डॉप्लर प्रभाव | B. न्यूटन का शीतलन नियम
C. किरचॉफ का नियम | D. स्टीफन का नियम

उत्तर: B

न्यूटन के शीतलन नियम के अनुसार, किसी वस्तु के तापमान परिवर्तन की दर उस वस्तु के तापमान और उस वस्तु के आस-पास के तापमान के अंतर के समानुपाती होती है।

30. ध्वनि की प्रबलता निर्भर करती है

A. वेग | B. पिच
C. आयाम | D. तरंगदैर्ध्य

उत्तर: C

प्रबलता ध्वनि का गुण है और यह ध्वनि के सामर्थ्य (आयाम) पर निर्भर करता है।

31. समय का एसआई मात्रक है ____________.

A. सेकण्ड | B. मीटर
C. किलोग्राम | D. एंगस्ट्रॉम

उत्तर: A

समय का एसआई मात्रक सेकण्ड है, और इसे (s) से प्रदर्शित करते हैं।

32. पृष्ठ तनाव का एसआई मात्रक ............ है।

A. किग्रा/मी$^2$ | B. किग्रा/मी$^3$
C. न्यूटन/मी | D. किग्रा/मी

उत्तर: C

पृष्ठ तनाव की माप न्यूटन प्रति मीटर में की जाती है। इसका एसआई मात्रक N/m है।

33. किसी खिलाड़ी द्वारा लंबी छलांग लगाना उदाहरण है।

A. प्रक्षेप्य गति | B. घूर्णन गति
C. चक्रण गति | D. क्षैतिज गति

उत्तर: A

प्रक्षेप्य गति वह गति है जिसमें एक वस्तु या कण को पृथ्वी सतह के समीप फेका जाता है और यह केवल गुरुत्वाकर्षण बल के अधीन वक्र पथ पर गति करता है।

34. कोणीय वेग किसके परिवर्तन की दर पर निर्भर करता है?

A. कोणीय दूरी | B. कोणीय त्वरण
C. कोणीय विस्थापन | D. आघूर्ण

उत्तर: C

कोणीय वेग को कोणीय विस्थापन परिवर्तन की दर के रूप में परिभाषित किया जाता है और यह एक सदिश राशि है और यह वस्तु की घूर्णन अक्ष (वस्तु जिसके परित: घूम रही है) के परित: वस्तु की चाल की माप है।

35. रेडियो तरंगें, सूक्ष्म तरंगें, अवरक्त तरंगें, स्पेक्ट्रमी पराबैंगनी किरणें, X किरणें और गामा किरणें को वर्गीकृत किया जाता है -

A. प्रकाश तरंगें | B. वैद्युत चुम्बकीय तरंगें
C. विद्युत तरंगें | D. चुम्बकीय तरंगें

उत्तर: B

विद्युत चुम्बकीय तरंगें वह विकरित उर्जा है जो विशेष विद्युत चुम्बकरीय प्रक्रिया से मुक्त होती है। इसमें वैद्युत चुम्बकीय तरंगें होती है जो कि वैद्युत और चुम्बकीय क्षेत्र के समकालिक दोलन होते हैं जो निर्वात में प्रकाश की चाल से गतिमान होते हैं।

36. रॉकेट ________________ संरक्षण नियम पर कार्य करता है।

A. द्रव्यमान | B. रैखिक संवेग
C. ऊर्जा | D. कोणीय संवेग

उत्तर. B

रॉकेट गैसों को एक छोर से बड़ी तेज गति से गैसों के निकलने पर कार्य करता है। निकलने वाली गैस की चाल अत्यधिक होती है और वे अपने द्रव्यमान के साथ मिलकर बहुत बड़ा संवेग उत्पन्न करती है। संवेग संरक्षण सिद्धांत के अनुसार रॉकेट को ऊपर की ओर धक्का मिलता है। यदि गैस और रॉकेट दोनों के संवेगों को जोड़ दिया जाये तो योग शून्य होता है।

37. वायु में ध्वनि तरंगें हैं -

A. अनुप्रस्थ | B. अनुदैर्ध्य
C. वैद्युत चुम्बकीय | D. ध्रुवित

उत्तर: B

ध्वनि संपिडित माध्यमों जैसे वायु, जल और ठोस में अनुदैर्ध्य रूप से संचरित होती है और यह ठोस में अनुप्रस्थ तरंग के रूप में संचरित हो सकती है|

38. निम्न में से कौन अदिश राशि है -

A. बल | B. दाब
C. वेग | D. त्वरण

उत्तर: B

दाब एक अदिश राशि है। यह सदिश पृष्ठ पर लंबवत डाले गये बल की माप है।

39. 20 Hz से कम आवृत्ति वाली ध्वनि को कहा जाता है ________.

A. श्रव्य ध्वनि | B. अश्रव्य ध्वनि

C. पराश्रव्य ध्वनि D. सुपरसोनिक

उत्तर: B

अश्रव्य (इंफ्रासोनिक) ध्वनि उन्हें कहा जाता है जिनकी आवृत्ति श्रव्य ध्वनि की आवृत्ति से अथवा 20 Hz से सामान्यत: कम होती है।

# भाग-2 : रसायनशास्त्र

## पदार्थ

- आमतौर पर यह तीन अवस्थाओं में पाया जाता है अर्थात,
  (i) ठोस (ii) द्रव (iii) गैस

- आजकल पदार्थ की दो अन्य अवस्थाओं पर चर्चा हो रही है अर्थात, प्लाज्मा (अत्यधिक क्रियाशील और अत्यधिक उत्तेजित कण युक्त आयनित गैसें) और बोस-आइंस्टीन कंडेनसेट या बी.ई.सी (अत्यधिक कम घनत्व के साथ न्यूनतम तापमान वाली गैस)।

## क्वथनांक

- वह तापमान जिस पर कोई द्रव, वाष्प में परिवर्तित हो जाता है उसे क्वथनांक बिंदु कहा जाता है।
- जल का क्वथांक 100°C होता है।
- क्वथांक अशुद्धता की उपस्थिति में बढ़ता है। यही कारण है कि समुद्र जल का क्वथनांक शुद्ध जल के क्वथनांक से अधिक है (क्योंकि समुद्र जल में अशुद्धता होती है)।
- यह अधिक ऊंचाई पर कम हो जाता है, यही कारण है कि अधिक ऊंचाई पर जल का क्वथनांक 100°C से कम होता है और भोजन को पकने में अधिक समय लगता है।

## गलनांक

- यह वह तापमान है जिस पर कोई पदार्थ अपनी ठोस अवस्था से द्रव अवस्था में परिवर्तित हो जाता है।
- बर्फ का गलनांक 0°C होता है; अशुद्धता की उपस्थिति में यह कम हो जाता है।

## परमाणु, अणु और तत्व

- परमाणु एक पदार्थ का सबसे छोटा कण होता है जो रासायनिक अभिक्रिया में भाग लेता है, लेकिन मुक्त अवस्था में नहीं पाया जाता है।
- परमाणु इलेक्ट्रॉनों, प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों से मिलकर बना होता है।
- प्रोटॉन और न्यूट्रॉन नाभिक (परमाणु का केंद्र) में पाए जाते हैं जबकि इलेक्ट्रॉन नाभिक के चारों ओर चक्कर लगाते हैं।
- परमाणु मिलकर अणु का निर्माण करते हैं, जो पदार्थ का मुक्त अवस्था में पाया जाने वाला सबसे छोटा कण है।

## समस्थानिक और समभारी

- समस्थानिकों में प्रोटॉनों (*अर्थात,* परमाणु क्रमांक) की संख्या समान होती है, लेकिन न्यूट्रॉनों की संख्या और परमाणु भार (परमाणु क्रमांक + न्यूट्रॉनों की संख्या) भिन्न होता है, अर्थात, $111^1$, $1H^2$.
- समभारी में परमाणु भार समान लेकिन परमाणु क्रमांक भिन्न होता है। उदाहरण: $18Ar^{40}$, $19K^{40}$

## आयु निर्धारण

- रेडियोकार्बन आयु निर्धारण का उपयोग लकड़ी, पशु जीवाश्म आदि जैसे कार्बन युक्त पदार्थों की आयु निर्धारित करने में किया जाता है।
- यूरेनियम आयु निर्धारण का उपयोग पृथ्वी, खनिज और चट्टानों की आयु निर्धारित करने में किया जाता है।

## बैटरी

- बैटरी वह उपकरण है, जिसका उपयोग रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने में किया जाता है और यह दो प्रकार की होती है

(i) प्राथमिक बैटरी (नॉन-रिचार्जेबल) गैल्वानिक सेल के रूप में कार्य करती है, उदाहरण, शुष्क सेल, पारद सेल आदि।

(ii) द्वितीयक बैटरी: (रिचार्जेबल) गैल्वानिक और वोल्टिक दोनों सेलों के रूप में कार्य करती है उदाहरण, लेड स्टोरेज बैठरी, निकिल कैडमियम बैटरी आदि।

## संक्षारण (जंग)

- ऑक्सीजन की उपस्थिति में वातावरणीय प्रभाव द्वारा धातु की सतह का क्षय संक्षारण (जंग) कहलाता है, यह एक वैद्युत रासायनिक अभिक्रिया है।
- जब लोहा वायु में रखा होता है, तो लोहे की सतह हाइड्रेटेड फेरिक ऑक्साइड ($Fe203.xH_20$) के कारण भूरी हो जाती है, जिसे जंग भी कहा जाता है।
- चांदी की सतह – सिल्वर सल्फाइड ($Ag_2S$) के कारण काली हो जाती है।

## नवीकरणीय एवं गैर-नवीकरणीय प्राकृतिक स्रोत

- नवीकरणीय स्रोत बड़े पैमाने पर उपलब्ध हैं, अर्थात कभी खत्म न होने वाले, उदाहरण वायु, सूर्य का प्रकाश आदि।
- गैर-नवीकरणीय स्रोत सीमित मात्रा मे उपलब्ध हैं, और यदि अत्यधिक उपयोग किया जाता है तो सीमित अवधि के बाद समाप्त हो जाएंगे। उदाहरण: खनिज, कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस इत्यादि।

## ईंधन

- वे पदार्थ जो दहन के फलस्वरूप ऊष्मा और प्रकाश उत्पन्न करते हैं, ईंधन कहलाते हैं।

- एल.पी.जी के रिसाव का पता लगाने के लिए इसमें एक खराब गंध वाली पदार्थ एथिल मरकैप्टन मिलाया जाता है क्योंकि एल.पी.जी गंधहीन गैस है।

## कुछ महत्वपूर्ण ईंधन और उनके घटक

| ईंधन | संरचना | स्रोत |
|---|---|---|
| वाटर गैस | कार्बन मोनोऑक्साइड (co) + हाइड्रोजन (h2) | रक्त तप्त कोयले पर वाष्प प्रवाहित करके |
| प्रोड्यूसर गैस | कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) + नाइट्रोजन (N2) | रक्त तप्त कोयले पर थोड़ी वायु प्रवाहित करके |
| कोल गैस | हाइड्रोजन + मीथेन + एथिलीन + एसिटिलीन + CO +नाइट्रोजन | आंशिक आसवन द्वारा |

| प्राकृतिक गैस | मीथेन (83%) + एथेन | पेट्रोलियम से |
|---|---|---|
| द्रवित पेट्रोलियम गैस (LPG) | ब्यूटेन (CH4) 95% | पेट्रोलियम से |
| संपीडित प्राकृतिक गैस (CNG) | मीथेन (CH4) 95% | पेट्रोलियम से |
| बायोगैस अथवा गोबर गैस | मीथेन (CH4) + कार्बन डाइऑक्साइड (CO2) + हाइड्रोजन (H2)+ नाइट्रोजन (N2) | कार्बनिक अपशिष्ट से |

## भौतिक और रासायनिक परिवर्तन

- भौतिक परिवर्तन वे परिवर्तन होते हैं, जो केवल भौतिक गुणों जैसे रंग, कठोरता, घनत्व, गलनांक बिंदु आदि को प्रभावित करते हैं, लेकिन पदार्थ की संरचना और रासायनिक गुणों को प्रभावित नहीं करते हैं।
- एक भौतिक परिवर्तन अस्थाई, जबकि एक रासायनिक परिवर्तन अस्थाई होता है।
- किस्ट्रलीकरण, उर्ध्वपातन, क्वथनांक, गलनांक, वाष्पीकरण, पेडों का कटाव, चीनी या नमक का पानी में घुलना आदि सभी भौतिक परिवर्तन हैं।
- रासायनिक परिवर्तन पदार्थ की संरचना के साथ उसके गुणों को भी परिवर्तित करते हैं और फलस्वरूप एक नए पदार्थ का निर्माण होता है।
- ईंधन का जलना, मोमबत्ती और कागज का जलना, जल का वैद्युत अपघटन, प्रकाश संश्लेषण, फलों का पकना आदि रासायनिक परिवर्तन के उदाहरण हैं।

## कोयला

कोयला वनस्पति पदार्थों के कार्बनीकरण द्वारा प्राप्त किया जाता है और विभिन्न रूपों में पाया जाता है:

- पीट- 60% कोयला
- लिग्नाइट या भूरा कोयला – 70% कोयला
- बिटुमिनस – 60 से 80 % कोयला
- एंथ्रासाइट कोयला – 90% कोयला

## ज्वाला

### ज्वाला में तीन भाग होते हैं

1. **आंतरिक भाग-** जो न जलने वाले कार्बन के कणों की उपस्थिति के कारण काला होता है- इसका तापमान सबसे कम होता है।
2. **मध्य भाग –** ईंधन के अपूर्ण दहन के कारण पीला होता है।
3. **बाह्य भाग-** यह ईंधन के पूर्ण दहन के कारण नीला होता है, यह सबसे गर्म होता है और सुनारों द्वारा सोने को गलाने में उपयोगी है।

## अग्निशामक

- पानी आग बुझाता है क्योंकि यह वाष्पित होता है, ज्वलनशील पदार्थ के चारों ओर की वाष्प ऑक्सीजन की आपूर्ति को बंद कर देती है, इस प्रकार जलने की प्रक्रिया समाप्त हो जाती है।

- बिजली या तेल (पेट्रोल) की आग के मामले में, पानी का उपयोग अग्निशामक के रूप में नहीं किया जा सकता है। क्योंकि पानी बिजली का सुचालक होता है और तेल से भारी होता है। इसलिए, तेल उसके ऊपर तैरता रहता है और जलता रहता है।
- कार्बन डाइऑक्साइड, जो अम्ल के साथ बेकिंग सोडे की अभिक्रिया से उत्पन्न होती है, का उपयोग बिजली या तेल की आग को बुझाने में किया जाता है। पेट्रोल की गुणवत्ता ऑक्टेन संख्या और डीजल की गुणवत्ता सेटेन संख्या के रूप में मापी जाती है।

**माचिस**

माचिस की तीली में एक छोर पर एंटीमनी ट्राईसल्फाइड और पोटैशियम क्लोरेट का मिश्रण होता है। बॉक्स के किनारों पर पिसा हुआ कांच और फास्फोरस का मिश्रण होता है।

## अम्ल, क्षार और लवण

**अम्ल**

- ये वे पदार्थ होते हैं, जिनका स्वाद खट्टा होता है और ये नीले लिटमस को लाल कर देते हैं।
- ये जलीय विलयन में विद्युत के अच्छे सुचालक होते हैं।
- अचार को सदैव कांच के जार में रखा जाता है क्योंकि उनमें पाया जाने वाला अम्ल धातु से क्रिया करके हाइड्रोजन गैस का निर्माण करता है।

**क्षार**

- ये वे पदार्थ हैं, जो स्वाद कड़वा होता है और लाल लिटमस को नीला कर देते हैं।
- ये अम्ल और क्षार विलयन में विभिन्न रंग देते हैं।

**लवण**

- ये एक अम्ल और क्षार के बीच उदासीनीकरण अभिक्रिया का उत्पाद है।
- pH अम्लता/ क्षारकता के माप की इकाई है।

## अकार्बनिक और कार्बनिक रसायन

### कार्बन डाइऑक्साइड

- यह कार्बन का एक अम्लीय ऑक्साइड है और इसका उपयोग हरे पौधों द्वारा प्रकाश संश्लेषण की क्रिया में किया जाता है। यह ज्वलन की क्रिया में सहायक नहीं है।

*वायु और हमारी श्वास में कार्बन ऑक्साइड पाई जाती है। इस प्रकार, जब चूने के पानी को खुली वायु में रखा जाता है या हम इसमें अपनी श्वास प्रवाहित करते हैं, तो चूने का पानी दूधिया हो जाता है।*

### कार्बन मोनोऑक्साइड

- यह वायु का उदासीन ऑक्साइड है और ऑक्सीजन की तुलना में हीमोग्लोबिन के प्रति अधिक सादृश्यता है (200 गुना अधिक)। इसी कारण कार्बन मोनो-ऑक्साइड - जो कि एक विषैली गैस है- के वातावरण में लोग ऑक्सीजन की कमी के कारण मर जाते हैं।

*एक गैर-हवादार कमरे में जलती हुई आग के साथ सोना खतरनाक है क्योंकि आग कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड गैस का निर्माण करती है।*

### प्लास्टर ऑफ पेरिस

- इसका रासायनिक नाम कैल्शियम सल्फेट हेमीहाइड्राइट ($CaSO_4.1/2H_2O$) है और इसे जिप्सम अर्थात– कैल्शियम सल्फेट हाइड्राइट ($CaSO_4.2H_2O$) को 373 K पर गर्म करके प्राप्त किया जाता है।
- प्लास्टर ऑफ पेरिस में पानी मिलाने पर यह एक कठोर ठोस में बदल जाता है, जिप्सम कहा जाता है। इस प्रकार, इसका उपयोग टूटी हड्डियों के फ्रेक्चर में, खिलौने के निर्माण में, सजावट की सामग्रियों और सतह को चिकना बनाने में किया जाता है।

### पोर्टलैंड सीमेंट

यह कैल्शियम के सिलिकेट और एल्यूमिनेट का जटिल मिश्रण है जिसमें जिप्सम की थोड़ी मात्रा होती है। पोर्टलैंड सीमेंट के निर्माण में उपयोग की जाने वाली कच्ची सामग्री चूना पत्थर और मिट्टी है।

- पोर्टलैंड सीमेंट की संरचना कैल्शियम ऑक्साइड (50-60%), एल्यूमिना (5-10%), और मैग्नीशियम ऑक्साइड (2-3%) है। सीमेंट के सख्त होने के समय को कम करने के लिए इसमें जिप्सम मिलाया जाता है।
- सीमेंट में, यदि चूने की अधिकता होती है, तो सीमेंट जमने के दौरान इसमें दरार पड़ जाती है और यदि चूना कम होता है, तो सीमेंट कमजोर होती है।
- मोर्टार रेत, सीमेंट और पानी का मिश्रण होता है जिसका उपयोग ईंटों को जोड़ने और दीवार पर प्लास्टर करने में किया जाता है।
- कंक्रीट— बजरी, रेत, और पानी का मिश्रण जिसका उपयोग फर्श निर्माण और सड़क बनाने में किया जाता है।
- रेनफोर्सड कंक्रीट सीमेंट (RCC)— जो स्टील की सरिया और तारों के साथ कंक्रीट होती है जिसका उपयोग छतों, पुलों और खंभों के निर्माण में किया जाता है।

## कांच

- कांच– यह एक अक्रिस्टलीय ठोस या अतिशीतित द्रव होता है– जिसमें मुख्य रूप से सिलिका (SiO2) पाई जाती है।
- विभिन्न रंगों के कांच प्राप्त करने के लिए विभिन्न पदार्थों को मिलाया जाता है।

| रंग | मिलाया जाने वाला पदार्थ |
|---|---|
| लाल | कॉपर ऑक्साइड (CuO) |
| हरा | क्रोमियम ऑक्साइड (Cr203) |
| नीला | कोबाल्ट ऑक्साइड (Co0) |
| भूरा | आयरन ऑक्साइड (Fe203) |

## भारी जल

- भारी जल वह जल है जिसमें भारी हाइड्रोजन या ड्यूटीरियम पाया जाता है। ड्यूटीरियम हाइड्रोजन से आमतौर पर पानी में पाए जाने वाले प्रोटियम से अलग होता है जिसमें ड्यूटीरियम के प्रत्येक परमाणु में एक प्रोटॉन और न्यूट्रॉन पाया जाता है। भारी जल ड्यूटीरियम ऑक्साइड, D2O या यह ड्यूटीरियम प्रोटियम ऑक्साइड, DHO हो सकता है।

नोट: भारी जल प्राकृतिक रूप से पाया जाता है, यद्यपि यह नियमित जल से बहुत कम है।

## कठोर जल

- वह जल जिसमें घुलनशील बाइकार्बोनेट तेल कैल्शियम और मैग्नीशियम पाए जाते हैं, अस्थाई कठोर जल कहलाते हैं और जिसमें मैग्नीशियम और कैल्शियम के सल्फेट और क्लोराइड पाए जाते हैं, स्थाई कठोर जल कहलाते हैं।
- जल की अस्थाई कठोरता को जल को उबालकर या कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड, Ca(OH)2 मिलाकर दूर किया जा सकता है —क्लार्क अभिक्रिया। जल की स्थाई कठोर को सोडियम कार्बोनेट (Na2CO3), या कैलगन (सोडियम हेक्सामेटाफास्फेट, Na2[Na4(PO3) मिलाकर दूर किया जा सकता है।

## तेल की कठोरता (हाइड्रोजनीकरण)

- तेल, एक असंतृप्त वसा को जब निकिल उत्प्रेरक और हाइड्रोजन की उपस्थिति में गर्म किया जाता है तो वह एक ठोस पदार्थ में परिवर्तित हो जाता है जिसे घी एक संतृप्त वसा कहते हैं। इस प्रक्रिया को तेल की कठोरता कहते हैं और यह निकिल उत्प्रेरक की उपस्थिति में हाइड्रोजनीकरण के माध्यम से कराई जाती है।

## धातु के कुछ प्रमुख अयस्क

**अयस्क –** वे खनिज जिनसे धातुओं को व्यवसायिक और आर्थिक रूप से और न्यूनतम प्रयासों से प्राप्त किया जाता है, धात्विक अयस्क कहलाते हैं।

| तत्व का नाम | अयस्क | रासायनिक सूत्र |
|---|---|---|
| 1. एल्यूमीनियम (Al) | (a) बॉक्साइट | Al2O32H2O |
| | (b) कोरंडम | Al2O3 |
| | (c) क्रायोलाइट | Na3AlF6 |
| | | |
| 2. लोहा (Fe) | (a) हेमेटाइट | Fe2O3 |
